मॉडल पेपर– सत्र 2024–25

रंजन कला (केवल प्रश्न पत्र)

कक्षा – 10

समय : 3 घण्टे 15 मिनट　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक : 70

नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिये निर्धारित हैं।

निर्देश :

(i) अपना अनुक्रमांक दिये गये ड्राइंग पेपर पर स्पष्ट अंकों एवं शब्दों में लिखिये। कक्ष निरीक्षक से ड्राइंग पेपर पर स्पष्ट हस्ताक्षर भी कराइये।
(ii) चित्र को ड्राइंग पेपर के बीच में बनाइये।
(iii) चित्र का आकार 20सेमी×15सेमी से कम न हो।
(iv) चित्र में छाया–प्रकाश एवं प्रतिच्छाया का समुचित समावेश होना चाहिये तथा उसकी संरचना का त्रिआयामी निरूपण स्पष्ट एवं सुन्दर होना चाहिये।
(v) प्रश्न–पत्र में कुल चार खण्ड दिये गये हैं खण्ड– (क), (ख) (ग) एवं (घ) । जिसमें खण्ड–(क) वस्तुनिष्ठ प्रश्न तथा खण्ड (ख) चित्र संयोजन अनिवार्य रूप से करना है। खण्ड (ग) एवं खण्ड (घ) में से कोई एक खण्ड करना है।

## खण्ड – क

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (अनिवार्य)　　　　1x20=20 अंक

**नोट**–इस खण्ड में कुल 20 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के चार विकल्पों में से एक सही उत्तर चुनिये और ओ0एम0आर0 शीट पर क्रमानुसार अंकित कीजिए।

1. रेखा किसे कहते हैं?
   (A)दो बिन्दुओं की बीच की दूरी　　　(B) तीन बिन्दुओं के बीच की दूरी
   (C) चार बिन्दुओं की बीच की दूरी　　　(D) इनमें से कोई भी नहीं।

2. समान्तर रेखायें किसे कहते हैं?
   (A) दो सीधी रेखायें जो आपस में मिल पायें
   (B) दो सीधी रेखायें जो बढ़ाई जायें और आपस में न मिले
   (C) टेढी–मेढ़ी रेखा
   (D) सीधी रेखा

3. सशक्त रेखा कौन–सी है?
   (A) दृढ़ता एवं बिना हिचकिचाहट तथा निश्चित गति और दिशा के अनुसार खींची गयी रेखा।
   (B) सीधी रेखा
   (C) तिरछी रेखा
   (D) घुमावदार रेखा

4. मानव–आकृति में एक पूर्ण विकसित मनुष्य अपने ही शरीर का कितना गुना होता है?

(A) साढ़े तीन गुना (B) साढ़े पाँच गुना

(C) साढ़े नौ गुना (D) साढ़े सात गुना

5. मानव–आकृति बनाते समय नाक की लम्बाई सिर के कितने भाग के बराबर होनी चाहिए।

(A) एक तिहाई भाग (B) एक चौथाई भाग

(C) आधा भाग (D) दो तिहाई भाग

6. लाल रंग (वर्ण) किसका प्रतीक है?

(A) ज्ञान–वीरता –शक्ति (B) उत्तेजना–भय–आवेग

(C) शीतलता–दृढ़ता–उद्विग्नता (D) इनमें से कोई नही

7. पीला रंग (वर्ण) किसका प्रतीक है?

(A) अवसाद–भय– अंधेरा (B) शीतलता–सत्यता–निराशा

(C) प्रफुल्लता–प्रकाश–ऊष्मा (D) शान्ति–एकता–भय

8. नीला रंग (वर्ण) किसका प्रतीक है?

(A) उत्तेजना–युद्ध–क्रोध (B) ज्ञान–वीरता–प्रकाश

(C) उत्तेजना–भय–आवेग (D) शीतलता–सत्यता–आकाश

9. श्वेत रंग (वर्ण) किसका प्रतीक है?

(A) शान्ति–एकता–स्वच्छता (B) अवसाद–भय–अंधेरा

(C) उत्तेजना–भय–अंधेरा (D) इनमें से कोई नही

10. प्राथमिक अथवा मूल रंग कौन–कौन से हैं?

(A) काला–सफेद–भूरा (B) बैंगनी–नारंगी–धानी

(C) लाल–नीला–पीला (D) हरा–आसमानी–पीला

11. कौन से रंगों का माध्यम पारदर्शी होता है?

(A) तैल रंग (B) पेस्टल रंग

(C) एक्रेलिक रंग (D) जलरंग (वाटर कलर)

12. निम्न में से कौन सा रंग गरम है?

(A) लाल (B) नीला

(C) आसमानी (D) हरा

13. निम्न में से कौन सा रंग ठण्डा है?

(A) हरा
(B) लाल
(C) पीला
(D) नारंगी

14. सफेद का विरोधी रंग कौन–सा है?

(A) लाल
(B) भूरा
(C) हरा
(D) काला

15. ओण्टवाल्ड चक्र में कितने रंग होते हैं?

(A) आठ
(B) दस
(C) छः
(D) चार

16. तटस्थ रंग कौन से हैं?

(A) सफेद–काला
(B) नारंगी –पीला
(C) लाल–नीला
(D) उपरोक्त कोई नहीं

17. कौन–सी पेन्सिल से बनाई गयी रेखा अधिक काली होगी?

(A) 2B
(B) H
(C) 2H
(D) HB

18. भारतीय चित्रकला में षडंग (छः अंग) की रचना किसने की थी?

(A) कुमारस्वामी
(B) भरतमुनि
(C) यशोधर पंडित
(D) क्रोचे

19. आकृति या रूप क्या हैं?

(A) आकृति वह क्षेत्र या स्थान है जिसका अपना निश्चित आकार तथा वर्ण होता है
(B) आकृति का कोई रूप और अनुपात नहीं होता है
(C) अनेक आकारों का चित्रण
(D) उपरोक्त कोई नहीं

20. निम्नलिखित में द्वितीयक रंग कौन सा है?

(A) पीला
(B) बैंगनी
(C) लाल
(D) नीला

## खण्ड – ख

## चित्र संयोजन (अनिवार्य) 30 अंक

1– निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर कम से कम 20 सेमी×15 सेमी के आकार का चित्र संयोजित कीजिए जिसमें मानव–आकृति की प्रमुखता हो। चित्र भावपूर्ण एवं पृष्ठ–भूमि विषय के अनुकूल हो। चित्र जल रंग या पेस्टल रंग के माध्यम से कलात्मकता एवं सुन्दरता के साथ पूर्ण कीजिएः

(i) नौका विहार
(ii) बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ
(iii) बाढ़–ग्रस्त ग्रामीण
(iv) स्वच्छ–भारत

## खण्ड (ग) मानव अंग चित्रण **20** अंक

2–आपके सामने मानव पैर का एक मॅाडल रखा हुआ है। उस माडल को छाया –प्रकाश दर्शाते हुए पेंसिल के माध्यम से चित्रित कीजिए।

अथवा

## खण्ड–(घ) विवरणात्मक प्रश्न **20** अंक

3–इस खण्ड से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) भारतीय कला के षडंग (छः अंगों) के नाम लिखिए।
(ii) भारतीय कला में रेखांकन की महत्ता पर प्रकाश डालिए।
(iii) एक वर्णीय रंग योजना क्या है? लिखिए।
(iv) भारतीय कला में किन तत्वों की प्रधानता है?